आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 20.08.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- सरकार ने केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती पच्चीस प्रतिशत बढ़ाने को मंजूरी दी। स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक के नेतृत्व में एक समिति अस्पताल सुरक्षा और सुविधाओं संबंधी पहलुओं पर गौर करेगी।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की समीक्षा की। बैंकों से कहा–जमा तथा ऋण राशि बढ़ाने और ग्राहकों के साथ अच्छे संबंध बनाने के प्रयास करें।
- पोर्ट ब्लेयर के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- नागरिक आपूर्ति विभाग फोर्टिफाइड चावल का वितरण कर रहा है।

<><><><><><><>

सरकार ने केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती में पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी है। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के अलावा सरकारी अस्पतालों की व्यक्तिगत मांगों के आधार पर मार्शलों की तैनाती को भी मंजूरी दी जाएगी। कोलकाता की घटना के बाद केंद्रीय कानून की मांग को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में रेजिडेंट डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा और केरल सहित छब्बीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कानून पारित किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने रेजिडेंट डॉक्टरों की कुछ एसोसिएशनों के साथ बैठकें की हैं और उन्हें इन पहलुओं के बारे में बताया है। अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए सुरक्षा और सुविधाओं के विभिन्न पहलुओं जैसे ड्यूटी रूम और काम के घंटे आदि पर विचार करने के लिए महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाओं की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों–आरआरबी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सभी तिरालिस वर्तमान आरआरबी के साथ व्यावसायिक प्रदर्शन, डिजिटल प्रौद्योगिकी सेवाओं को उन्नत करने और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम–एमएसएमई समूहों में व्यापार वृद्धि को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। ग्रामीण

अर्थव्यवस्था को समर्थन देने में आरआरबी की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, श्रीमती सीतारामन ने आरआरबी से अपने प्रायोजक बैंकों के समर्थन के साथ प्रधानमंत्री विश्वकर्मा और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृत करते समय लाभार्थियों की स्पष्ट पहचान पर अधिक जोर देने का आग्रह किया। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की भी समीक्षा की। वित्त मंत्री ने जमा वृद्धि, ऋण–जमा अनुपात और परिसंपत्ति गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी सरकारी पहलों के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की भी समीक्षा की।

<><><><><><><>

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाए जाने के सिलसिले में चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर की ओर से पच्चीस अगस्त को दिन में दस बजे से मिशन के सभागार में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नर्सरी से कक्षा एक तथा कक्षा दो और तीन के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए तेईस अगस्त तक पंजीकरण कराया जा सकता है।

<><><><><><><>

वन रक्षकों के लिए वानिकी में छह महीने का वन्य प्रवर्त्तन प्रशिक्षण हाल ही में विम्बर्लीगंज के वन प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया। उद्‌घाटन समारोह में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्यजीव वार्डन श्री संजय कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री रवि होरो सम्माननीय अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में नवनियुक्त वन रक्षक प्रशिक्षुओं को उत्साह के साथ प्रशिक्षण लेने और वन और वन्यजीव की बुनियादी अवधारणा को सीखने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग भारत सरकार के निर्देश के अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली, एकीकृत बाल विकास सेवा और प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों को उनकी पात्रता के अनुसार फोर्टिफाइड चावल जारी कर रहा है। फोर्टिफाइड चावल बच्चों और महिलाओं में एनीमिया की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से वितरित किया जाता है। पीडीएस और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से वितरित किए जाने वाले फोर्टिफाइड चावल में खनिज और विटामिन भरपूर मात्रा में होते हैं, जिनमें से

अधिकांश में आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी12 होता है। चावल फोर्टिफिकेशन के लिए आपूर्तिकर्ता और वितरक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा तैयार मानक संचालन प्रक्रियाओं का भी पालन कर रहे हैं। हालांकि, कई बार चावल के सफेद दानों को उपभोक्ता प्लास्टिक और विदेशी पदार्थ समझ लेते हैं, जो कि चावल के पोषक मूल्य को बढ़ाने के लिए डाले गए फोर्टिफाइड दाने के अलावा और कुछ नहीं होते और हानिकारक भी नहीं होते। विभाग समय–समय पर फोर्टिफाइड चावल के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पंचायतों में शिविर भी आयोजित कर रहा है। किसी भी जानकारी के लिए उपभोक्ता संबंधित नागरिक आपूर्ति कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर 03192–230337 पर कॉल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान केन्द्र ने केन्द्रीय एकीकृत कीट प्रबंधन के सहयोग से हाल ही में गुप्तापाड़ा गांव में राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली मोबाइल ऐप के राष्ट्र व्यापी शुभारंभ के लिए लाईव स्ट्रीमिंग का आयोजन किया। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस ऐप का शुभारंभ किया, जिसके माध्यम से किसान, कीट या कीट से प्रभावित फसलों की तस्वीरें भेज सके। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के जे पी सिंह ने कीट नियंत्रण के लिए ए आई प्लेटफार्म पर किसानों को फोन के माध्यम से वैज्ञानिकों से जुड़ने पर जानकारी दी। क्यारी के प्रमुख डॉ. वाई रामाकृष्णा ने किसानों से इस ऐप को डाउनलोड करने और कीट नियंत्रण और फसलों की बेहतर उत्पादकता के लिए इस ऐप का उपयोग करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में कुल अट्ठाईस किसानों और कृषक महिलाओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग की ओर से केन्द्र प्रायोजित योजना पशुपालन ढांचागत विकास कोष का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी करने में सहायता प्रदान करना, संबंधित किसानों को अन्य स्रोतों के जरिए सहायता प्रदान करना, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्ता युक्त दुग्ध उपलब्ध कराना, उद्यमिता विकसित करना और रोजगार उत्पन्न करना जैसे कई कारक शामिल हैं। योजना का लाभ दुग्ध सहकारी समितियां भी उठा सकती है। इस संबंध में आवेदन और प्रस्ताव पशुपालन विभाग के पोर्टल पर किया जा सकता है। पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग ने स्थानीय कृषकों से सहकारी पशुधन सोसाइटियां बनाकर योजना का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अंडमान निकोबार राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण, ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण और जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम आज शाम चार बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में आयोजित दूसरा ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटेड चेस टूर्नामेंट का समापन हो गया। इस टूर्नामेंट का आयोजन पोर्ट ब्लेयर के होटल टी एस जी ग्रैंड में किया गया था। इस अवसर पर अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता टी के प्रिजित रेख और टी सी आई के सहायक उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राठौड मुख्य अतिथि थे। चौदह से अट्ठारह अगस्त तक आयोजित इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों सहित द्वीपसमूह के शतरंज खिलाड़ियों ने भी इसमें भाग लिया। दिल्ली के प्रदीप तिवारी को चैम्पियनशिप का खिताब, ट्रॉफी और बीस हजार की नकद राशि से पुरस्कृत किया गया। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए कुल एक लाख पन्द्रह हजार नकद राशि और चालीस ट्रॉफियों के साथ प्रतिभागी एवं विजेताओं को सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर टी के प्रिजित रेख और प्रताप सिंह राठौड़ ने इस तरह के उच्च स्तरीय आयोजन के लिए अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की और शतरंज को बढ़ावा देने और विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एकजुट करने के लिए उन्हें बधाई दी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अण्डमान निकोबार पुलिस सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को असरदार तरीके से लागू करने के लिए कई पहल की है और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं— द डेली टेलीग्राम्स की खबर है। द्वीप समाचार ने इसी खबर पर सुर्खी दी है कि नशे में गाड़ी चलाने वाले दो हजार चार सौ से अधिक लोगों को पकड़ा गया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के नवनियुक्त महासचिव पी. अनिल कुमार ने कहा कि हमारी प्राथमिकता फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार करना है। द इको ऑफ इंडिया और इंफो इंडिया ने इस खबर को अपने खेल पन्ने में जगह दी है। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से कचरा मुक्त अभियान की शुरूआत करने और नगरपालिका परिषद की ओर

से गहन स्वच्छता अभियान चलाए जाने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने में जगह दी है। रक्षाबंधन के अवसर पर कल पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने प्रणब कन्या संघ में त्योहार मनाया और बच्चों को आर्शीवाद दिया—अण्डमान क्रोनिकल की खबर है।

<><><><><><><>